# वाक्य भेद
## (रचना के आधार पर)

अपने मन के भावों और विचारों को प्रकट करने के लिए तथा उन्हें दूसरों तक पहुँचाने के लिए हम वाक्यों का प्रयोग करते हैं। वाक्य विभिन्न शब्दों (पदों) के योग से बनता है। वाक्य में प्रयुक्त प्रत्येक शब्द का अपना अलग अर्थ होता है। वाक्य बड़ा हो या छोटा, किसी-न-किसी विचार या भाव को पूर्णत: व्यक्त करने में सक्षम होता है।

## वाक्य की परिभाषा

सार्थक शब्दों का ऐसा व्यवस्थित समूह जिससे एक निश्चित अर्थ की प्रतीति होती हो, वाक्य कहलाता है। जैसे—

- छात्र पुस्तक पढ़ रहा है।
- फ़ादर बुल्के संकल्प से संन्यासी थे।

उपरोक्त वाक्यों में शब्द समूह व्याकरण के नियमों के अनुसार व्यवस्थित भी हैं और सार्थक भी. अत: ये दोनों वाक्य सही हैं।

### वाक्य के अंग

वाक्य के दो अंग होते हैं

(i) **उद्देश्य** वाक्य में जिस **वस्तु के विषय** में कहा जाता है, उसे उद्देश्य कहते हैं।

(ii) **विधेय** वाक्य में **उद्देश्य के विषय** में जो कुछ कहा जाए, उसे विधेय कहते हैं।

उद्देश्य तथा विधेय से संबंधित कुछ महत्त्वपूर्ण उदाहरण

- श्याम ने बाज़ार से फल लिए।
- बच्चे पतंग उड़ा रहे हैं।

दिए गए उदाहरणों में उद्देश्य एवं विधेय इस प्रकार हैं

| उद्देश्य | विधेय |
|---|---|
| • श्याम ने | बाज़ार से फल लिए। |
| • बच्चे | पतंग उड़ा रहे हैं। |

### वाक्य के भेद

सामान्यत: दो दृष्टियों से वाक्यों के भेद किए जाते हैं

1. **अर्थ की दृष्टि से** (आठ भेद)

अर्थ की दृष्टि से वाक्य के आठ भेद किए जाते हैं

(i) विधानवाचक (ii) निषेधवाचक
(iii) आज्ञावाचक (iv) प्रश्नवाचक
(v) विस्मयवाचक (vi) संदेहवाचक
(vii) इच्छावाचक (viii) संकेतवाचक

2. **रचना की दृष्टि से** (तीन भेद)

रचना की दृष्टि से वाक्य के तीन भेद किए जाते हैं

(i) सरल वाक्य (ii) मिश्र वाक्य
(iii) संयुक्त वाक्य

*__नोट__ केवल रचना की दृष्टि से वाक्य भेद ही पाठ्यक्रम में शामिल किए गए हैं। अत: यहाँ केवल उन्हीं का विस्तारपूर्वक वर्णन किया जा रहा है। रचना की दृष्टि से वाक्य भेद समझने से पहले उपवाक्य को जानना आवश्यक है। अत: उसका वर्णन निम्नलिखित है*

### उपवाक्य

उपवाक्य, वाक्य का अंश होता है, जिसमें उद्देश्य और विधेय होते हैं। अत: पदों का ऐसा समूह, जिसका अपना अर्थ हो, जो सामान्यतया एक वाक्य का भाग हो तथा जिसमें उद्देश्य एवं विधेय सम्मिलित हों, उपवाक्य कहलाता है। जो उपवाक्य, वाक्य से अलग होकर भी पूर्ण अर्थ प्रकट करे, उसे प्रधान उपवाक्य तथा जो उपवाक्य प्रधान (मुख्य) उपवाक्य के बिना पूर्ण अर्थ न दे, उसे आश्रित उपवाक्य कहते हैं। उदाहरणार्थ—यदि बस आ जाए, तो मैं चल पड़ूँ। यहाँ 'तो मैं चल पड़ूँ' प्रधान उपवाक्य है तथा 'यदि बस आ जाए' आश्रित उपवाक्य है। उपवाक्य तीन प्रकार के होते हैं

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

(i) **संज्ञा उपवाक्य** जो आश्रित उपवाक्य प्रधान उपवाक्य की क्रिया के कर्ता, कर्म अथवा क्रिया पूरक के रूप में प्रयुक्त हों, उन्हें संज्ञा उपवाक्य कहते हैं। संज्ञा उपवाक्य के आरंभ में **कि** शब्द होता है; जैसे—

- मैं नहीं जानता **कि** वह कहाँ है?

उपरोक्त वाक्य में 'वह कहाँ है', संज्ञा उपवाक्य है।

(ii) **विशेषण उपवाक्य** जो आश्रित उपवाक्य प्रधान उपवाक्य के संज्ञा पद की विशेषता बताता है, उसे विशेषण उपवाक्य कहते हैं; जैसे—

- वह लड़का, **जो कल रोया था**, आज नहीं आया है।
- वे फल कहाँ हैं, **जिनको आप लाए** थे।

उपरोक्त वाक्यों में 'जो कल रोया था' तथा 'जिनको आप लाए थे,' विशेषण उपवाक्य हैं।

(iii) **क्रियाविशेषण उपवाक्य** जो आश्रित उपवाक्य प्रधान उपवाक्य की क्रिया की विशेषता बताता है, उसे क्रिया विशेषण उपवाक्य कहते हैं; जैसे—

- **जब आग लगती है**, तभी धुआँ उठता है।
- **जब वह हमारी ओर देखते**, तब हम कुछ लजाकर और मुसकुराकर आइना नीचे रख देते थे।

उपरोक्त वाक्यों में 'जब आग लगती है' तथा 'जब वह हमारी ओर देखते' क्रियाविशेषण उपवाक्य हैं।

## रचना के आधार पर वाक्य के भेद

### (i) सरल वाक्य/साधारण वाक्य

जिन वाक्यों में केवल एक ही उद्देश्य और एक ही विधेय होता है तथा एक ही समापिका क्रिया होती है, सरल या साधारण वाक्य कहलाते हैं। इसमें कोई भी आश्रित वाक्य नहीं होता है; जैसे—

- वर्षा हो रही है।  माँ ने खाना बनाया।

उपरोक्त वाक्यों में रेखांकित पद मुख्य क्रिया को स्पष्ट कर रहे हैं तथा यहाँ एक ही प्रधान वाक्य है। अत: ये सभी सरल वाक्य हैं।

### (ii) मिश्र वाक्य

जिस वाक्य में एक प्रधान उपवाक्य होता है व एक या एक से अधिक आश्रित उपवाक्य होते हैं, उसे मिश्र वाक्य कहते हैं; जैसे—

- अध्यापक ने कहा कि कल विद्यालय बंद रहेगा।
- वह लड़का मेरा मित्र है, जो पेड़ के पास खड़ा है।

उपरोक्त उदाहरणों में रेखांकित अंश मुख्य उपवाक्य को दर्शा रहे हैं, जबकि शेष भाग 'गौण' या 'आश्रित' उपवाक्य हैं। आश्रित उपवाक्य को मुख्य उपवाक्य से क्रमश: 'कि', 'जो' द्वारा जोड़ा गया है। अत: ये सभी मिश्र वाक्य के उदाहरण हैं।

### (iii) संयुक्त वाक्य

जिस वाक्य में दो या दो से अधिक सरल या मिश्र वाक्य परस्पर किसी अव्यय या योजक शब्द (और, या, तथा, एवं, परंतु, अथवा, इसलिए, अत:, फिर भी, किंतु, लेकिन, पर आदि) से जुड़े हों, उसे संयुक्त वाक्य कहते हैं। संयुक्त वाक्य में प्रयुक्त वाक्य एक-दूसरे पर आश्रित नहीं होते हैं;
जैसे—

- दिल्ली चलो और तुम मुझे खून दो।
- पान वाले के लिए यह एक मज़ेदार बात थी, लेकिन हालदार साहब के लिए चकित और द्रवित करने वाली।

उपरोक्त दोनों वाक्यों में रेखांकित पद योजक शब्द हैं, जो दो वाक्यों को मिलाने का कार्य कर रहे हैं। अत: ये सभी वाक्य संयुक्त वाक्य के उदाहरण हैं।

## वाक्यों का रूपांतरण (परिवर्तन)

वाक्य रूपांतरण (परिवर्तन) का शाब्दिक अर्थ है—वाक्य के रूप को परिवर्तित कर देना। किसी वाक्य में अर्थ परिवर्तन किए बिना उसकी संरचना में परिवर्तन की प्रक्रिया 'वाक्यों का रूपांतरण' कहलाती है।

एक प्रकार के वाक्य को दूसरे प्रकार के वाक्यों में बदलना वाक्य परिवर्तन या वाक्य रचनांतरण कहलाता है। वाक्य परिवर्तन की प्रक्रिया में इस बात पर विशेष ध्यान देना चाहिए कि वाक्य का केवल प्रकार बदला जाए, अर्थ या काल आदि नहीं।

रचना की दृष्टि से वाक्य परिवर्तन निम्न प्रकार किया जाता है

- साधारण वाक्य से संयुक्त वाक्य
- साधारण वाक्य से मिश्र वाक्य
- संयुक्त वाक्य से साधारण वाक्य
- संयुक्त वाक्य से मिश्र वाक्य
- मिश्र वाक्य से साधारण वाक्य
- मिश्र वाक्य से संयुक्त वाक्य

**वाक्य परिवर्तन करते समय ध्यान रखने योग्य बातें**

- केवल वाक्य रचना बदलनी चाहिए, वाक्य का अर्थ नहीं।
- सरल वाक्यों को मिश्र या संयुक्त वाक्य बनाते समय कुछ संबंधबोधक अव्यय अथवा योजक शब्द जोड़े जाते हैं; *जैसे*—क्योंकि, कि, और, इसलिए, तब आदि।
- संयुक्त एवं मिश्र वाक्यों को सरल वाक्यों में बदलते समय योजक शब्दों या संबंधबोधक अव्ययों का लोप (हटाना) करना चाहिए।

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

# बहुविकल्पीय प्रश्न

**1. 'वह व्यक्ति कहाँ है, जो यहाँ कल आया था?' वाक्य में कौन-सा उपवाक्य है?**
(क) संज्ञा उपवाक्य
(ख) विशेषण उपवाक्य
(ग) क्रिया-विशेषण उपवाक्य
(घ) उपरोक्त में से कोई नहीं

**2. निम्न में संज्ञा उपवाक्य का उदाहरण है**
(क) मैं कल उस व्यक्ति से मिला, जो अंधा था
(ख) जिससे तुम्हारी कल बात हुई थी, वह लड़की आज आई नहीं
(ग) तुम्हें बताना चाहिए था कि राजीव सक्सेना निर्दोष है
(घ) तुम्हें वहाँ तब पहुँच जाना चाहिए था, जब कमरे में आग लगी

**3. 'मूर्ति की आँखों पर सरकंडे से बना छोटा-सा चश्मा रखा हुआ था, जैसा बच्चे बना लेते हैं' वाक्य में आश्रित उपवाक्य छाँटकर उसका भेद लिखिए।**
*(CBSE 2020, Modified)*
(क) जैसा बच्चे बना लेते हैं, संज्ञा उपवाक्य
(ख) जैसा बच्चे बना लेते हैं, विशेषण उपवाक्य
(ग) जैसा बच्चे बना लेते हैं, क्रिया-विशेषण उपवाक्य
(घ) उपरोक्त में से कोई नहीं

**4. 'हर्षिता बहुत विनम्र है और सर्वत्र सम्मान प्राप्त करती है।' रचना के आधार पर वाक्य-भेद है**
*(CBSE प्रतिदर्श प्रश्न-पत्र 2020)*
(क) सरल वाक्य
(ख) मिश्र वाक्य
(ग) संयुक्त वाक्य
(घ) साधारण वाक्य

**5. संयुक्त वाक्य का उदाहरण है**
(क) आज वर्षा अधिक हो रही है।
(ख) मुझे अब यहाँ से चलना चाहिए।
(ग) राहुल घर चला गया और सो गया।
(घ) राजा ने कहा कि चोर को मृत्युदंड दिया जाए।

**6. निम्नलिखित में मिश्र वाक्य है**
*(CBSE प्रतिदर्श प्रश्न-पत्र 2020)*
(क) मैंने एक वृद्ध की सहायता की।
(ख) जो विद्यार्थी परिश्रमी होता है, वह अवश्य सफल होता है।
(ग) अध्यापिका ने अवनि की प्रशंसा की तथा उसका उत्साह बढ़ाया।
(घ) नवाब साहब ने संगति के लिए उत्साह नहीं दिखाया।

**7. 'रामू को घर का सामान खरीदना था। वह बाजार चला गया' इस वाक्य का मिश्र वाक्य में रूपांतरण कीजिए।**
(क) रामू घर का सामान खरीदने बाजार चला गया।
(ख) रामू इसलिए बाजार चला गया, क्योंकि उसे घर का सामान खरीदना था।
(ग) रामू बाजार चला गया और वहाँ से सामान खरीदा।
(घ) रामू ने बाजार जाते ही घर का सामान खरीदा।

**8. 'मूर्तिकार ने सुना और जवाब दिया' वाक्य का सरल वाक्य में रूपांतरण होगा** *(CBSE 2020)*
(क) मूर्तिकार ने सुनकर जवाब दिया।
(ख) जैसे ही मूर्तिकार ने सुना, जवाब दिया।
(ग) मूर्तिकार ने पहले तो सुना और फिर जवाब दिया।
(घ) जब मूर्तिकार ने सुना, उसने जवाब दिया।

**9. 'प्रयश बाज़ार गया। वहाँ से सेब लाया।' इस वाक्य का संयुक्त वाक्य में रूपांतरण होगा**
*(CBSE प्रतिदर्श प्रश्न-पत्र 2020)*
(क) प्रयश बाज़ार गया और वहाँ से सेब लाया।
(ख) प्रयश सेब लाया जब वह बाज़ार गया।
(ग) प्रयश बाज़ार जाकर सेब लाया।
(घ) जब प्रयश बाज़ार गया तो वहाँ से सेब लाया।

**10. 'पत्थर की मूर्ति पर चश्मा असली था' वाक्य का संयुक्त वाक्य में रूपांतरण होगा** *(CBSE 2020, Modified)*
(क) उसका चश्मा असली था, जो पत्थर की मूर्ति थी।
(ख) पत्थर की मूर्ति थी, जिसका चश्मा असली था।
(ग) मूर्ति पत्थर की थी, लेकिन उस पर चश्मा असली था।
(घ) जो मूर्ति पत्थर की थी, उसका चश्मा असली था।

**11. निम्नलिखित में सरल वाक्य है**
*(CBSE प्रतिदर्श प्रश्न-पत्र 2020)*
(क) प्रातःकाल हुआ और सूरज की किरणें चमक उठीं।
(ख) जब प्रातःकाल हुआ, सूरज की किरणें चमक उठीं।
(ग) प्रातःकाल होते ही सूरज की किरणें चमक उठीं।
(घ) जैसे ही प्रातःकाल हुआ सूरज की किरणें चमक उठीं।

**12. 'एक चश्मेवाला है जिसका नाम कैप्टन है' वाक्य में आश्रित उपवाक्य छाँटकर भेद बताइए**
*(CBSE 2020, Modified)*
(क) जिसका नाम कैप्टन है, विशेषण उपवाक्य
(ख) एक चश्मेवाला है, संज्ञा उपवाक्य
(ग) जिसका नाम कैप्टन है, क्रिया विशेषण उपवाक्य
(घ) एक चश्मेवाला है, विशेषण उपवाक्य

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

**13.** **'कहा जा चुका है कि मूर्ति संगमरमर की थी ' वाक्य में आश्रित उपवाक्य तथा उसका भेद बताइए** *(CBSE 2020, Modified)*
(क) मूर्ति संगमरमर की थी, विशेषण उपवाक्य
(ख) मूर्ति संगमरमर की थी, संज्ञा उपवाक्य
(ग) मूर्ति संगमरमर की थी, क्रिया-विशेषण उपवाक्य
(घ) मूर्ति संगमरमर की थी, सर्वनाम उपवाक्य

**14.** **'सब कुछ हो चुका था, सिर्फ नाम नहीं थी' वाक्य में वाक्य भेद पहचानिए** *(CBSE 2020, Modified)*
(क) सरल वाक्य
(ख) मिश्र वाक्य
(ग) संयुक्त वाक्य
(घ) निषेधात्मक वाक्य

**15.** **'बालगोबिन भगत जानते थे कि अब बुढ़ापा आ गया' आश्रित उपवाक्य तथा उसका भेद बताइए** *(CBSE 2020, Modified)*
(क) अब बुढ़ापा आ गया है—संज्ञा उपवाक्य
(ख) बालगोबिन भगत जानते थे—संज्ञा उपवाक्य
(ग) अब बुढ़ापा आ गया है—विशेषण उपवाक्य
(घ) बालगोबिन भगत जानते थे—क्रिया-विशेषण उपवाक्य

**16.** **'रवि इसलिए विद्यालय नहीं गया, क्योंकि वर्षा जोर से हो रही थी' इस वाक्य का संयुक्त वाक्य में परिवर्तन कीजिए।**
(क) वर्षा जोर से हो रही थी, इसलिए रवि विद्यालय नहीं गया।
(ख) जोर से वर्षा होने के कारण रवि विद्यालय नहीं गया।
(ग) जैसे ही वर्षा जोर से हुई, रवि विद्यालय नहीं गया।
(घ) चूँकि वर्षा जोर से हो रही थी, इसलिए रवि विद्यालय नहीं गया।

**17.** **'सिद्धार्थ ने कुछ व्यक्तियों को देखा, जो शव ले जा रहे थे' वाक्य का सरल वाक्य में रूपांतरण कीजिए।**
(क) सिद्धार्थ ने शव ले जा रहे कुछ व्यक्तियों को देखा।
(ख) जिन व्यक्तियों को सिद्धार्थ ने देखा, वे शव ले जा रहे थे।
(ग) कुछ व्यक्ति शव ले जा रहे थे, जिन्हें सिद्धार्थ ने देखा।
(घ) सिद्धार्थ ने व्यक्तियों को देखा, जो शव ले जा रहे थे।

**18.** **निम्नलिखित में संयुक्त वाक्य है**
(क) क्योंकि तुम सज्जन व्यक्ति हो, इसलिए सच बोलते हो।
(ख) राहुल से बात कर लेना परंतु उससे मेरे बारे में बात मत करना।
(ग) उसने सितारा को देखते ही पहचान लिया।
(घ) हम कल यहाँ से जाते ही होटल चलेंगे।

**19.** **निम्नलिखित में मिश्र वाक्य है**
(क) मास्टर साहब रमेश से मिले और उससे हालचाल पूछने लगे।
(ख) रात हुई और घर में चोर आ गए।
(ग) ऋषि ने तुझसे मुरादाबाद आने के लिए कहा।
(घ) उसने बताया था कि राहुल डॉक्टर है।

**20.** **निम्नलिखित में सरल वाक्य है**
(क) इस बार आषाढ़ लगते ही वर्षा होनी प्रारंभ हो गई थी।
(ख) मीराबाई वृंदावन चली गई और वहाँ संतों के साथ रहने लगी।
(ग) यह वही लड़की है, जिसने निहारिका को भला-बुरा कहा था।
(घ) राजीव से कल बात कर लेना, क्योंकि वह कल दफ्तर आएगा।

**21.** **निम्नलिखित में मिश्र वाक्य है**
(क) चित्रकार ने उसे ध्यान से देखा और उसका हूबहू चित्र बना दिया।
(ख) मुझे कलक्टर साहब से मिलना था।
(ग) ज्योंहि बारात नजदीक आई, सभी खुशी से झूमने लगे।
(घ) कल बाजार जाते ही नया पेन खरीद लेना।

**22.** **निम्नलिखित में संयुक्त वाक्य है**
(क) जब राहुल मिश्रा घर आएँ, तो मुझे बताना।
(ख) भिखारी दरवाजे तक आया और बिना भीख लिए चला गया।
(ग) राधा की गाय बहुत बीमार है।
(घ) राजू ने कहा कि वह उत्तीर्ण हो गया।

**23.** **निम्नलिखित में सरल वाक्य है**
(क) उसने मेरी बात सुनकर भी अनसुनी कर दी।
(ख) जब अध्यापक आएँ, मुझे बुला लेना।
(ग) रविना बीमार थी, इसलिए मैं उसे अस्पताल ले गया।
(घ) वह मुझे बताएगा कि वह निर्दोष कैसे है।

**24.** **निम्नलिखित में मिश्र वाक्य है**
(क) नीरजा बहुत प्रसन्न थी, क्योंकि उसे पुरस्कार मिला था।
(ख) घर आते ही राजेश अपने मित्र से मिलने चला गया।
(ग) यद्यपि मिराज की गलती नहीं थी, फिर भी उसे दंड मिला।
(घ) अध्यापक ने चपरासी को बुलाया और फाइल उसे दे दी।

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

**25. मिश्र वाक्य का उदाहरण है**

(क) दुर्घटना को सुनकर अनिकेत बेचैन हो रहा था।
(ख) जिसने भी मेरी किताब ली है, वह उसे वापस दे दे।
(ग) पानी में मछलियाँ बहुत कम थीं लेकिन बगुले अब भी वहीं थे।
(घ) दिल्ली जाओ और नौकरी करो।

**26. सरल वाक्य का उदाहरण है**

(क) जब भी होटल आओ, मुझसे जरूर मिलना।
(ख) वह बीमार है, इसलिए घर नहीं आएगा।
(ग) वह चोर था, इसलिए पकड़ा गया।
(घ) सायंकाल तक सभी पक्षी वापस आ गए।

**27. संयुक्त वाक्य का उदाहरण नहीं है**

(क) यह वही लड़का है, जिसे कल मैं ढूँढ रहा था।
(ख) राजू परिश्रमी है, इसलिए सफल हो जाएगा।
(ग) यहाँ पानी बहुत साफ था, फिर भी वे आगे चले गए।
(घ) वह पहले घर गया और भोजन किया।

**28. 'मुझे नहीं पता था कि रमेश ही चोर है' रेखांकित उपवाक्य का भेद है**

(क) संज्ञा आश्रित उपवाक्य
(ख) विशेषण आश्रित उपवाक्य
(ग) क्रिया-विशेषण आश्रित उपवाक्य
(घ) क्रिया आश्रित उपवाक्य

**29. 'जैसा बोओगे, वैसा ही काटोगे' रेखांकित उपवाक्य का भेद है**

(क) संज्ञा आश्रित उपवाक्य
(ख) क्रिया-विशेषण आश्रित उपवाक्य
(ग) सर्वनाम आश्रित उपवाक्य
(घ) विशेषण आश्रित उपवाक्य

**30. 'यह वही लड़का है, जो कल खाना देने आया था' रेखांकित उपवाक्य का भेद है**

(क) क्रिया-विशेषण आश्रित उपवाक्य
(ख) संज्ञा आश्रित उपवाक्य
(ग) विशेषण आश्रित उपवाक्य
(घ) क्रिया आश्रित उपवाक्य

**31. 'जो साहसी होते हैं, वे मुश्किलों से कभी नहीं घबराते' रेखांकित उपवाक्य का भेद है**

(क) संज्ञा आश्रित उपवाक्य
(ख) क्रिया आश्रित उपवाक्य
(ग) क्रिया-विशेषण आश्रित उपवाक्य
(घ) विशेषण आश्रित उपवाक्य

**32. 'जैसा मैंने कहा था, वैसा ही करना' रेखांकित उपवाक्य का भेद है**

(क) क्रिया-विशेषण उपवाक्य (ख) संज्ञा उपवाक्य
(ग) सर्वनाम उपवाक्य (घ) विशेषण उपवाक्य

**33. 'उसने पहले ही बता दिया था कि मीरा अब घर नहीं आएगी' रेखांकित उपवाक्य का भेद है**

(क) विशेषण उपवाक्य (ख) संज्ञा उपवाक्य
(ग) सर्वनाम उपवाक्य (घ) क्रिया-विशेषण उपवाक्य

**34. 'वह जब भी हमें देखता, मुझे उस पर संदेह होता था' रेखांकित उपवाक्य का भेद है**

(क) क्रिया-विशेषण आश्रित उपवाक्य
(ख) क्रिया आश्रित उपवाक्य
(ग) विशेषण आश्रित उपवाक्य
(घ) संज्ञा आश्रित उपवाक्य

## उत्तरमाला

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| *1.* (ख) | *2.* (ग) | *3.* (ख) | *4.* (ग) | *5.* (ग) | *6.* (ख) | *7.* (ख) | *8.* (क) | *9.* (क) | *10.* (ग) |
| *11.* (ग) | *12.* (क) | *13.* (ख) | *14.* (ग) | *15.* (क) | *16.* (क) | *17.* (क) | *18.* (ख) | *19.* (घ) | *20.* (क) |
| *21.* (ग) | *22.* (ख) | *23.* (क) | *24.* (ग) | *25.* (ख) | *26.* (घ) | *27.* (क) | *28.* (क) | *29.* (ख) | *30.* (ग) |
| *31.* (घ) | *32.* (क) | *33.* (ख) | *34.* (क) | | | | | | |

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in